# एमआई रोड से हुआ बाजार की लाइटिंग का स्विच ऑन

## सात दिनों तक रहेगी रंग बिरंगी सजावट, पूरे जयपुर में दिखेगी अयोध्या की झलक



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** दीपावली त्यौहार के अवसर पर जयपुर में रंग बिरंगी लाइट्स की सजावट की गई है। इसी क्रम में एम आई रोड स्थित पांचबत्ती सर्किल पर लाइटिंग का स्विच ऑन किया गया। एम आई रोड व्यापार मंडल की ओर से पूरे बाजार को राइजिंग राजस्थान की थीम पर सजाया गया है। वहीं साढ़े तीन किलोमीटर लंबे बाजार में लाइटिंग के साथ ही अयोध्या और भगवान राम के जीवन की झलक देखने को मिल रही है।

लाइटिंग के स्विच ऑन के दौरान जयपुर के प्रमुख व्यापारियों समेत सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ, अमीन कागजी, रफीक खान, नगर निगम हैरिटेज की महापौर कुसुम यादव, नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर मौजूद रहीं। एम आई रोड व्यापार मंडल के महामंत्री सुरेश सैनी ने कहा कि सात दिवसीय दीपावली की सजावट का आज शुभारंभ हुआ है। एम आई रोड व्यापार मंडल की ओर से गवर्नमेंट हॉस्टल से लेकर अजमेरी गेट तक बाजार को राइजिंग राजस्थान की टीम पर सजाया गया है। बाजार में 11000 देसी बल्बों की लड़ियां लगाई गई हैं। वहीं पूरे बाजार में इस बार देसी लाइटों का ही प्रयोग किया गया है। यह सजावट देर रात तक देखने को मिलेगी।

वहीं सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि इस बार की दीपावली बहुत ही भव्य हो रही है, क्योंकि इसी वर्ष हमारे आराध्य रामलला का भी मंदिर बनकर के तैयार हो चुका है।

आज एम आई रोड व्यापार मंडल की ओर से लाइटिंग का स्विच ऑन किया गया है। इस अवसर पर मैं कहना चाहता हूं कि मिर्जा इस्माइल रोड का नाम जल्द ही बदल कर गोविन्ददेव मार्ग किया जाएगा। यह गोविन्द की नगरी है, पर कई बाजारों और रास्तों के नाम हमें गुलामी की मानसिकता का एहसास कराते हैं। ऐसे में यह नाम जल्द ही बदले जाएंगे। मिर्ज़ा इस्माइल ने ब्रिटिश के साथ मिलकर हमारे लोगों पर हुकूमत किया और अंग्रेजों का साथ दिया। इसलिए एम आई रोड नाम हमारी सरकार जल्द बदलेगी। नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि जयपुर की दीपावली देश विदेश में फेमस है।

### रिजर्व बैंक वर्कर्स यूनियन के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न

# एस.के. शर्मा पुनः अध्यक्ष और राहुल सिंह पंवार मुख्य सचिव निर्वाचित





**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

रिजर्व बैंक वर्कर्स यूनियन की नई व निवर्तमान कार्यकारिणी की संयुक्त कमेटी मीटिंग में अध्यक्ष पद पर पुन: एस.के. शर्मा का सर्वसम्मति से दो वर्षीय कार्यकाल के लिए चयन किया गया है। शर्मा के नि:स्वार्थ सेवा भाव तथा वृहद ट्रैड यूनियन के अनुभव के कारण एक अनुभवी मार्गदर्शक के रूप में यूनियन के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चयन किया गया है।

यूनियन के आम सदस्यों ने मुख्य सचिव पद पर राहुल सिंह पंवार को निर्वाचित किया है। दोनों मुख्य पदाधिकारी अपनी पूरी टीम को साथ लेकर आम सदस्य के हित में तथा संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। आम सदस्य ने पूरी गंभीरता से आंकलन करते हुए पुराने अनुभवी तथा नए ऊर्जावान साथियों को समावेशित करते हुए संगठन व सदस्य के हित वाली एक समन्वित सशक्त कार्यकारिणी का गठन किया है। मुख्य सचिव राहुल सिंह पंवार ने बताया कि नई कमेटी में उपाध्यक्ष जितेंद्र मधुकर, सचिव (नकदी)-पुष्पेंद्र मीना, सचिव (जनरल)-राजेश यादव, कोषपाल-हर्ष जिंदल, सहायक कोषपाल- राधेश्याम तथा दस कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अशोक कुमार सोमावत, भूपेन्द्र सिंह शेखावत, भूदेव सिंह, कृष्णा भाटी, रवि दूत, ताराचंद, महेश पूनिया, ऋषभ बुल्डक, श्रवण माली तथा महिला सदस्य लाली बाई मीना का चयन किया गया है।

## जयपुर गारमेंट क्लब का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** सीतापुरा और मानसरोवर की टॉप मैन्युफैक्चर गारमेंट ईकाई जो जयपुर गारमेंट क्लब के मेम्बर है सभी के साथ 26 अक्टूबर 2024 को श्याम को दीपावली स्नेह मिलन समारोह 2024 की पार्टी की धूमधाम से सभी गारमेंट क्लब के सभी मेम्बर के साथ मिलजुल कर किया




किया। ये दिवाली के उत्सव के बाद सभी गारमेंट इकाई अच्छा बिजनेस करे। जयपुर गारमेंट क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन और सेकेटेरी अशोक गुप्ता ने सभी मेंबर्स का स्वागत व आभार व्यक्त किया। सभी मेम्बर को दीपावली की बधाई दी और साथ जल्द ही जयपुर में जनवरी में काफी बड़ा नेशनल लेवल पर गारमेंट बी 2 बी एक्सहिबिशन लगायी जा रही है। जिस में 2025 के नये ऑर्डर मिलने के लगाया जा रहा है।

## सूचना न देने पर एसडीएम पर लगाया 25 सौ रुपए जुर्माना

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान राज्य सूचना आयोग ने भंवरलाल सेन, निवासी सेन कॉलोनी, झालाना डूंगरी जयपुर की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मांगी गई सूचना नहीं देने पर राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी, उपखंड रिया बड़ी, जिला नागौर को दोषी मानते हुए 2500 रुपए का जुर्माना लगाया है। पीड़ित भंवरलाल सेन ने राजस्थान राज्य सूचना आयोग से शिकायत की थी कि पीड़ित की अपील पर न तो प्रतिवादी की तरफ से कोई टिप्पणी की गई है ना उत्तर भिजवाया है। इसलिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20 (1) के तहत नोटिस दिया। सूचना का अधिकार : जाता है कि सूचना नहीं दिए जाने के कारण क्यों न प्रतिवादी को उक्त धारा के तहत दंडित करते हुए 25 हजार जुर्माना लगाया जाए। 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था।

## 'गौ आधारित कृषि का सलेबस पाठ्यपुस्तकों में शामिल हो'



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** महाराष्ट्र सरकार की ओर से गाय को राज्यमाता घोषित किए जाने के ऐलान के बाद अब देशभर में इस फैसले के बाद, गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग उठने लगी है। इसी के तहत सोमवार को केरल से महामंडलेश्वर आनंद विभूषित 1008 नारायण आनंद गिरी जी महाराज राज्य सरकार के मंत्रियों व प्रबुद्धजनों का समर्थन लेने के लिए जयपुर पहुंचे। महाराज के जयपुर के टोंक रोड स्थित श्रीपिंजरापोल गोशाला के वैदिक ऑर्गेनिक पार्क पहुंचने पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान महामण्डलेश्वर श्री श्री श्री आनंद विभूषित 1008 नारायण आनंद गिरी जी महाराज ने गोशाला परिसर में गोउत्पादों पर आधारित किए जा रहे कार्यों का अवलोकन कर आयोजकों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। महाराज ने गौ उत्पादों के निर्माण कार्य राज्य सरकारों के सहयोग से करवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्रियों को ज्ञापन देंगे।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र को अपडेट करवाने की प्रकिया शुरू

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** बचनेश अग्रवाल, निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ने कहा कि राज्य के 22 हजार से अधिक विशेष योग्यजन के केंद्र सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड को दिव्यांगजन के जनआधार पोर्टल पर अपडेट करवाये जाने के बाद दिव्यांगजन सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते है। स्वावलंबन पोर्टल से जनआधार पोर्टल पर दिव्यांगजनों के डेटा अपडेट की प्रकिया 25 अक्टूबर से आरम्भ कर दी गई है।

## 'वोकल फॉर लोकल' प्रदर्शनी का महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने किया उद्घाटन



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर सोमवार को महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने वोकल फार लोकल के तहत लग रही प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयुक्त रुक्मणी रियाड, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार मौजूद रही।

महापौर ने इस अवसर पर बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं वोकल फार लोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी लगाई गई है इस प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नि:शुल्क स्टॉल उपलब्ध कराई गई है इस प्रदर्शनी में 18 स्टॉल लगाई गई है जिनमें स्थानीय उत्पादों एवं महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी 28 29 30 अक्टूबर को नगर निगम मुख्यालय पर लगायी जायेगी। आमजन इन स्टॉल्स के माध्यम से खरीदारी कर सकेंगे। लघु उद्योग भारती, वसुधा जन विकास संस्थान, जैन स्वयं सहायता समूह, राधे कृष्ण स्वयं सहायता समूह, राधिका स्वयं सहायता समूह, भाटी स्वयं सहायता समूह, मंजू स्वयं सहायता समूह सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जा रही है।

## नगर निगम ग्रेटर की अग्निशमन शाखा की टीमों को रखा अलर्ट मोड पर

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की अग्निशमन शाखा द्वारा दिपावली पर्व पर की जाने वाली आतिशबाजी के दौरान सावधानी बरतने के लिये दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि रोशनी के पर्व दीपोत्सव को आतिशबाजी एवं दीप जलाकर खुशियों के साथ मनाया जाता है।

खुशियों के इस पर्व पर कोई अनहोनी घटना ना हो इसलिये अग्निशमन शाखा की टीम को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौत्तम लाल ने बताया कि दिपावली के पर्व पर आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये टीम तैनात की गई है। सभी फायर स्टेशन पर गमबूट, हेलमेट, दूसरे अन्य सुरक्षा उपकरण सुनिश्चित कर लिये गये हैं। इसके साथ ही 8 फायर स्टेशन, विश्वकर्मा, झोटवाड़ा, बिन्दायका, 22 गोदाम, मालवीय नगर, मानसरोवर, सीतापुरा आदि फायर स्टेशनों पर फायर व्हीकल तैनात रहेगे। आमजन से अपील है कि पटाखें छोड़ते समय बच्चों के साथ बड़े मौजूद रहे, पानी व मिट्टी की बाल्टी भी साथ रखे। पटाखे चलाते समय हमेशा एक बाल्टी पानी और थोड़ा सा रेत पास रखे। प्रयोग में लाए जा चकरी/बुझ चुकी फुलझड़िया रॉकेट जैसी आतिशबाजी सामग्री को हमेशा ही पानी की बाल्टी या सुखी रेत में डाल दे।

## महापौर सौम्या ने स्वयं के कार्यालय को साफ कर दिया स्वच्छता का संदेश

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके तहत कार्यालयों में सफाई की गई। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने नगर निगम मुख्यालय स्थित स्वयं के कार्यालय को साफ किया। इसके साथ ही चैयरमेन एवं पार्षदों ने भी स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाई। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता की शुरूआत स्वयं से करनी होगी स्वच्छता हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली के तहत कार्यालय की सफाई की गई। अनुपयोगी सामान को हटाया गया तथा उन्हें आरआरआर सेन्टर पर जमा भी करवाया। जहां स्वच्छता होती है वहां शुभता निवास करती है।

## आरपीएफ शहीदों की याद में स्मारक कार्यक्रम आयोजित

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पुलिस शहीदों की स्मृति एवं बलिदान का सम्मान करने के लिए सोमवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में एक दिवसीय कार्यक्रम में समापन होने वाले स्मारक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की।

ये समारोह, पुलिस स्मृति सप्ताह (21-30 अक्टूबर) के संयोजन में आयोजित किए, जो आरपीएफ कर्मियों द्वारा प्रदर्शित साहस, समर्पण एवं बलिदान को स्वीकृति प्रदान करने की दिशा आरपीएफ की प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। स्मारक कार्यक्रम की शुरुआत 21 अक्टूबर, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के शहीदों की निस्वार्थता एवं वीरता की कहानियों को साझा करने के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर की गई है, विशेष रूप से उन समुदायों में जहां हमारे शहीद पले-बढ़े एवं शिक्षित हुए। इन पहलों के भाग के रूप में, आरपीएफ द्वारा 9 राज्यों में अपने शहीदों के परिवारों को पंचायतों एवं स्कूलों जैसे स्थानीय संस्थाओं में आयोजित समारोहों में सम्मानित किया जाएगा।

## पावरग्रिड ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह की शुरुआत की

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न पीएसयू, ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2024 की शुरुआत आर. के. त्यागी, सीएमडी के नेतृत्व में जी. रविशंकर, निदेशक (वित्त), डॉ. यतींद्र द्विवेदी, निदेशक (कार्मिक) और डी.के. मदान, सीवीओ, पावरग्रिड के साथ वॉकथॉन के माध्यम से की, जिसमें कॉर्पोरेट सेंटर, गुरुग्राम के कर्मचारियों ने भाग लिया। सीएमडी, पावरग्रिड द्वारा कर्मचारियों और वरिष्ठ अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर भारत के माननीय



राष्ट्रपति, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति, माननीय प्रधान मंत्री, माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री और केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के संदेश पढ़े गए। सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक 'राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति' थीम के साथ आयोजित किया जा रहा है। सप्ताह के दौरान देश भर में पावरग्रिड के प्रतिष्ठानों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वीएडब्ल्यू 24 के अग्रदूत के रूप में, सरकारी स्कूल, उल्हावास, गुरुग्राम और गुरुग्राम विश्वविद्यालय में ड्राइंग/पेंटिंग, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 15 अक्टूबर तक, पावरग्रिड और उसकी सहायक कंपनियों की कुल ट्रांसमिशन संपत्ति 1,78,975 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइनें, 280 सबस्टेशन, 5,40,961 एमवीए परिवर्तन क्षमता और 99.81 प्रतिशत की सिस्टम उपलब्धता है।

